RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, सोमवार, 29 अगस्त, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



ट्विन टावर तो गिरे, अधिकारी कब जाएंगे जेल
पेज - 10

# राज्य योगासन प्रतियोगिता में फरीदाबाद रहा प्रथम

## फरीदाबाद में अपने नाम किया ऑल ओवर प्रथम का खिताब

## अग्रवाल पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई 38वीं हरियाणा राज्य योगासन प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**38वीं** हरियाणा राज्य योगासन प्रतियोगिता का आयोजन अग्रवाल पब्लिक स्कूल सेक्टर-3 फरीदाबाद में शनिवार एवं रविवार को हुआ। कार्यक्रम के समापन समारोह पर बतौर मुख्य अतिथि त्रिलोक चंद एसडीएम बल्लभगढ़, अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, चेयरमैन अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर कृष्ण कांत गुप्ता प्रिंसिपल अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़, अग्रवाल पब्लिक स्कूल सेक्टर-3 के सेक्रेटरी विजय सिंगला, योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट इंदु अग्रवाल, योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के लाइफटाइम चेयरमैन अशोक कुमार अग्रवाल रहे। कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए त्रिलोक चंद शर्मा एसडीएम बल्लभगढ़ ने कहा कि योग हमारे स्वास्थ्य को सुधारते हैं एवं हमारे जीवन को एक दिशा प्रदान करता है योग के माध्यम से हम अनेकों व्याधियों को सरल रूप से समाप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता में बाहर से आए सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। सभी को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा शिक्षा एवं खेलों की दिशा में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन कर रहा है जहां एक और विद्यालय महाविद्यालय के खिलाड़ी ओलंपिक स्तर पर मेडल प्राप्त कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं वहीं दूसरी और भारत की प्राचीन संस्कृति योग की इस धरा को प्रतियोगिता के माध्यम से अग्रवाल पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 में करा कर के अनेकों युवाओं को एक मंच प्रदान किया जा रहा है।

डॉक्टर कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि योगा कर्मसु कौशलम जैसे नारों को सार्थक करते हुए सभी खिलाड़ी अपने प्रदर्शन में सर्वोत्तम प्रदर्शन दिखाने का प्रयास कर रहे हैं एवं इन में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को आगे आने वाली राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के लाइव टाइम चेयरमैन अशोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि ऑल ओवर विनर का किताब फरीदाबाद के नाम रहा। ऑल ओवर फर्स्ट विनर ऑफ हिसार ऑल ओवर सेकंड रनर अप रोहतक रहा।